कार्यालय – शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया

जिला – राजनांदगांव

" शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन "

दिनांक 15.09.2021

स्थानीय शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), के मार्गदर्शन में हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रही, साथ ही वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र शर्मा, वाणिज्य एवं डॉ. एच.एस. भाटिया, वाणिज्य विभाग व ए.के. गौर, सहायक प्राध्यापक हिन्दी, श्री सी.आर. यादव, अतिथि प्राध्यापक हिन्दी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम बैच एवं तिलक लगााकर सभी प्राध्यापकों का स्वागत विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। तत्पश्चात सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राष्ट्रगीत के पश्चात् सभी गुरुजनों को छात्र – छात्राओं द्वारा पेन, डायरी एवं श्री फल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), ने सम्मान हेतु सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद देते हुए अपने उद्बोधन में कहे कि कारोना काल की विषम परिस्थिति में भी ऑनलाइन शिक्षण के माध्यम से हम सभी ने चुनौतियों से मिलकर लड़ा, इस दौर ने हमें वास्तविक रुप से भौतिक शिक्षण की महत्व को बताया। अतः गुरु का महत्व सदैव अनादिकाल से वर्तमान तक प्रभावी रहा है। I.Q.A.C. प्रभारी डॉ. एच.एस. भाटिया जी ने सम्मान हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, विद्यार्थियों को संस्था की वास्तविक पूंजी के रुप में रेखाकिंत किये। N.C.C. अधिकारी एवं नैक प्रभारी डॉ. राजेन्द्र शर्मा, जी ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में आवश्यक बदलाव एवं उसके अनुरुप अपने कार्य, व्यवहार में बदलाव की अपील की तथा नई शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदुओं की चर्चा की। हिन्दी विभागाध्यक्ष श्री ए.के. गौर, ने राधाकृष्ण के योगदान कर स्मरण कराते हुए सभी से अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने की अपील की । कार्यक्रम का संचालन महेश कुमार, एम.ए. तृतीय सेम. ने किया। कार्यक्रम में एम.ए.के सभी विद्यार्थी, N.S.S. एवं N.C.C. के सभी कैडेड्स, स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

प्राचार्य

प्राचार्य
शास. रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला –राजनांदगांव (छ.ग.)